प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 23.07.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी / पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा सुनी गयी फरियादियों की समस्यायें, प्राप्त हुयी शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण के लिये सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश।

थाना समाधान दिवस के अवसर पर आज दिनांक 23.07.2022 को जिलाधिकारी महोबा श्री मनोज कुमार व पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में थाना श्रीनगर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया, इस दौरान फरियादियों से उनकी समस्याओं को मौके पर सुना गया तथा वहां मौजूद संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि राजस्व और पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाये, सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा शिकायतकर्ता की संतुष्टि के आधार पर किया जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न की जाए जिससे आमजनमानस को बिना वजह परेशान होना पड़े। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा वहां मौजूद शिकायत रजिस्टर का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के संबंध मे फीडबैक भी लिया गया।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस व प्रशासन के राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल / थाना पर थाना समाधान दिवस आयोजित कर जनता की समस्याओं को सुना गया तथा प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच करते हुए उनके त्वरित व विधिक निस्तारण हेतु राजस्व और पुलिस विभाग की टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

थाना समाधान दिवस के अवसर पर द्वारा लोगों की समस्याओं को सुना गया। इस मौके पर सभी थानों में कुल 46 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 39 शिकायतें राजस्व विभाग से व 07 शिकायतें पुलिस विभाग से संबंधित थी, कुल प्राप्त शिकायतों में 04 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।






# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 23.07.2022**

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना श्रीनगर का किया गया अर्दली रुम, लम्बित विवेचनाओं / जांच प्रार्थना पत्रों की समीक्षा कर दिये आवश्यक निर्देश।

आज दिनांक 23.07.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा थाना श्रीनगर का अर्दली रुम किया गया, अर्दली रुम के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना श्रीनगर में लम्बित विवेचनाओं के सन्बंध में विस्तृत रुप से वार्ता करते हुये लम्बित विवेचनाओं / जांच प्रार्थना पत्रों कि समीक्षा की गई जिसमें काफी समय से लम्बित विवेचनाओं पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी।

पुलिस अधीक्षक द्वारा विवेचनाओं का समय से निस्तारण करने हेतु सम्बंधित विवेचकों को निर्देशित करते हुये कहा कि लम्बित विवेचनाओं / जांच प्रार्थना पत्रों पर निश्चित समयावधि पर गुणदोष के आधार पर विधिक निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा अधिक समय से लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए वांछित अभियुक्तों व वारंटियों की गिरफ्तारी करने, आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों एवं शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण करने तथा महिला संबंधी अपराधों में त्वरित गति से कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए, इसके साथ ही वर्तमान समय में शासन एवं उच्चाधिकारीग द्वारा जारी आदेशों एवं अभियानों के सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

इस अवसर पर थानाध्यक्ष श्रीनगर श्री दिनेश तिवारी सहित थानास्थानीय के समस्त विवेचकगण/उपनिरीक्षक उपस्थित रहे।





प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 23.07.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना श्रीनगर का किया गया औचक निरीक्षण, कानून-व्यवस्था बनाये रखने के सम्बन्ध में दिये आवश्यक निर्देश -





आज दिनांक 23.07.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा थाना श्रीनगर का औचक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय के साइबर हेल्प डेस्क, रजिस्टर नंबर 8, अपराध रजिस्टर, बीट सूचना रजिस्टर, सीसीटीएनएस कार्यालय आदि का निरीक्षण किया गया, रजिस्टरों को अद्यावधिक रखने हेतु व पाई गई कमियों को दुरुस्त करने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात बन्दी गृह, मालखाना इत्यादि का निरीक्षण किया गया व मिशन शक्ति योजना के क्रम में स्थापित महिला हेल्प डेस्क का गहन निरीक्षण करते हुए रिकार्ड रजिस्टर व प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण की अद्यतन स्थिति का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कार्यालय की साफ-सफाई उच्चकोटि की बनाये रखने हेतु निर्देशित किया कि सम्पूर्ण कार्यालय के सभी अभिलेख मय सामान के साथ बाहर निकालकर साफ-सफाई की जाये, निष्प्रयोज्य फाइलों को कमेटी बनाकर नष्ट किया जाये, जिसके उपरान्त समस्त अभिलेखों को मय उच्चाधिकारियों द्वारा निर्गत आदेश-निर्देश के सुनियोजित तरीके से रखा जाये, लावारिस मालों का विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये, थाने पर उपस्थित समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को जनमानस के साथ शालीनता पूर्वक विनम्र व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया।

इस अवसर पर थानाध्यक्ष श्रीनगर श्री दिनेश तिवारी सहित थाना श्रीनगर में नियुक्त समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 23.07.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना पनवाड़ी पुलिस टीम ने चोरी की मोटरसाइकल सहित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा चलाय़े जा रहे वांछित/वारंटी अभियुक्तो की गिरफ्तारी के अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री उमेश चन्द्र के निकट पर्यवेक्षण में थाना पनवाड़ी प्रभारी निरीक्षक श्री शिवआसरे द्वारा गठित की गयी व0उ0नि0 श्री नरेशचन्द्र निगम मय हमराह का. सुनील कुमार व का. विक्रम सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम को मोटर साइकिल चोरी करने की सूचना मिली इस सूचना पर पुलिस टीम ने निसवारा तिराहा कस्बा पनवाड़ी के पास से चिन्हित अभियुक्त भूपेन्द्र कुशवाहा पुत्र जयप्रकाश कुशवाहा उम्र करीब 19 वर्ष निवासी निसवारा थाना पनवाड़ी जिला महोबा को हिरासत में लिया गया जिससे कडाई से पूछताछ पर अभियुक्त की निशादेही पर एक अदद मो0सा0 **UP91H7592** चेचिस नं0 **MD2A51BZ1DPE11411** बरामद की गयी व चोरी करने की वात को स्वीकार कि गयी, जिसके सम्वन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 131/2022 धारा 411 भा0दं0वि0 पंजीकृत किया गया वाद आवश्यक कार्यवाही कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय महोबा के समक्ष पेश कराने हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली टीम -

1. व0उ0नि0 श्री नरेशचन्द्र निगम थाना पनवाड़ी जिला महोबा।
2. का.विक्रम सिंह 3. का. सुनील कुमार थाना पनवाड़ी जिला महोबा।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

भूपेन्द्र कुशवाहा पुत्र जयप्रकाश कुशवाहा उम्र करीब 19 वर्ष निवासी निसवारा थाना पनवाड़ी जिला महोबा



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 23.07.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना चरखारी पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 23.07.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री अजय कुमार अग्रवाल के निकट पर्यवेक्षण में अभियान के तहत थाना चरखारी प्रभारी निरीक्षक श्री उमापति मिश्र द्वारा उ.नि. अनूप कुमार पाण्डेय मय हमराह का0 सुयश दुबे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 01 नफर वारंटी अभियुक्त बबलू यादव पुत्र रामदयाल उर्फ गोला नि. नरेड़ी थाना चरखारी जनपद महोबा सम्बन्धित केस न. 443/018 तारीख पेशी 04/08/2022 माननीय न्यायालय सिविल जज जू0डि0 चरखारी, महोबा को गिरफ्तार किया गया, बाद आवश्यक कार्यवाही के उपरान्त गिरफ्तार अभियुक्त को विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### गिरफ्तार करने वाली टीम :-

1. उ.नि. अनूप कुमार पाण्डेय चौकी प्रभारी सूपा थाना चरखारी
2. का.सुयश दुबे थाना चरखारी जनपद महोबा

### गिरफ्तार अभियुक्त :-

बबलू यादव पुत्र रामदयाल उर्फ गोला नि. नरेड़ी थाना चरखारी जनपद महोबा



## थाना श्रीनगर पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 23.07.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री अजय कुमार अग्रवाल के निकट पर्यवेक्षण में अभियान के तहत थाना श्रीनगर थानाध्यक्ष श्री दिनेश तिवारी द्वारा गठित की गयी उ0नि0 शिवस्वरुप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना हाजा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 69/22 धारा 326/504/506 आईपीसी से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त 1.महेन्द्र घोष पुत्र जुग्गन घोष उम्र 20 वर्ष नि0मु0 दाऊपुरा कस्बा व थाना श्रीनगर जनपद महोबा को बिलरही तिराहा श्रीनगर से गिरफ्तार किया, अभियुक्त उपरोक्त को मुकदमा व अपराध से अवगत कराते हुए गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### गिरफ्तार करने वाली टीम -

1. उ0 नि0 शिवस्वरुप सिंह
2. का0 अनुज कुमार

### गिरफ्तार अभियुक्त–

महेन्द्र घोष पुत्र जुग्गन घोष उम्र 20 वर्ष नि0मु0 दाऊपुरा कस्बा व थाना श्रीनगर जनपद महोबा



## थाना कोतवाली महोबा पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 23.07.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में अभियान के तहत थाना कोतवाली महोबा प्रभारी निरीक्षक श्री बलराम सिंह द्वारा गठित की गयी उ0नि0 गणेश कुमार चौकी प्रभारी पसवारा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने धारा 10 गुंडा अधिनियम व 82 सीआरपीसी के वारंटी अभियुक्त ताहर सिंह पुत्र करण सिंह ठाकुर उर्फ पूरण सिंह को गिरफ्तार कर मां0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

ताहर सिंह पुत्र करण सिंह ठाकुर उर्फ पूरण सिंह उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम पसवारा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 गणेश कुमार चौकी प्रभारी पसवारा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा।
2. का० अमन शर्मा 3. का० सज्जन लाल



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 23.07.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना श्रीनगर क्षेत्र में भारी पुलिस बल के साथ की गई पैदल गस्त, अतिक्रमण करने वाले व्यापारियों, दुकानदारों एवं अव्यवस्थित तरीके से वाहन खड़ा करने वाले लोगों से वार्ता कर शासन की मंशानुरुप उन्हें व्यवस्थित तरीका अपनाने के लिए दिये गए आवश्यक दिशा निर्देश।

उ0प्र0शासन द्वारा निर्गत निर्देश जिसमें अवैध रुप से यातायात मार्ग को अवरुद्ध कर सड़क मार्ग पर अवैध रुप से अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 23.07.2022 को जिलाधिकारी महोबा श्री मनोज कुमार, पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा संयुक्त रुप से अपराधों पर नियंत्रण एवं शहर में शांति का माहौल बनाए रखने हेतु थाना श्रीनगर क्षेत्र में भारी पुलिस बल के साथ प्रमुख भीड़भाड़ वाले तथा संवेदनशील स्थानों पर पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षित वातावरण की मौजूदगी का संदेश दिया गया।

इस दौरान जिलाधिकारी महोबा, पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना श्रीनगर थानाध्यक्ष व थाना श्रीनगर पुलिस बल के साथ बाजार में यातायात व्यवस्था दुरुस्त बनाए रखने के लिए अवैध अतिक्रमण के सम्बन्ध में व्यापारियों, दुकानदारों व स्थानीय लोगों से बातचीत कर उन्हें व्यवस्थित तरीका अपनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए साथ ही दुकानों एव सडकों पर अतिक्रमण करने वाले व्यक्तियों को सख्त हिदायत देते हुये अतिक्रमण हटाये जाने व भविष्य में अतिक्रमण करने पर कठोर कार्यवाही करने हेतु चेतावनी दी गयी।






प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 23.07.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## #HappyToServe

### पुलिस का संवेदना से भरा एक और प्यार भरा चेहरा
### बुजुर्ग महिला व बुजुर्ग दादा जी को प्रदान किये कपडे और चप्पल.

आज दिनांक 23.07.2022 को थाना श्रीनगर में थाना समाधान दिवस चल रहा था तभी पुलिस अधीक्षक महोबा सुधा सिंह की नजर असहाय विधवा महिला श्रीमती गौरी बाई पर गयी जो कि फटी हुयी साड़ी, नंगे पैर बैठी थी, पुलिस अधीक्षक तुरन्त कुर्सी से खड़ी होकर उस महिला की तरफ गयी व उनसे उनकी समस्या पूंछी फिर महिला आरक्षियों की मदद से महिला को बिठाया व बुजुर्ग महिला के लिये कपड़े (साड़ी) व चप्पल मगांकर महिला को सुपुर्द किया, बुजुर्ग महिला ने पुलिस अधीक्षक महोबा का धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा बुजुर्ग दादा ( श्री घनश्याम ) जी को भी अंगवस्त्र व चप्पल प्रदान की गयी।

मौके पर मौजूद जिलाधिकारी महोबा श्री मनोज कुमार द्वारा महिला को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ जैसे विधवा पेंशन दिये जाने व महिला की अन्य आर्थिक स्थित को बेहतर करने के लिये सम्बन्धित को आदेशित किया गया।





# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 23.07.2022

मीडिया सेल, महोबा

## मिशन शक्ति जागरुकता अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी चरखारी द्वारा आयोजित की गयी "पुलिस की पाठशाला"

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री अजय कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में आज दिनांक 23.07.2022 को महिलाओं / बालिकाओं की सुरक्षार्थ चलाए जा रहे मिशन-शक्ति अभियान के तहत थाना चरखारी/महिला रिपोर्टिंग चौकी की एन्टी रोमियो टीम द्वारा थाना चरखारी क्षेत्रान्तर्गत स्थित राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज चरखारी में पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन महिला रिपोर्टिंग चौकी प्रभारी उप निरीक्षक नीलम यादव की उपस्थिति में संपन्न कराया गया। महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम के संबंध में, महिलाओं/छात्राओं को भयमुक्त वातावरण बनाने, स्किल विकास, आत्मविश्वास संवर्धन, सोशल मीडिया प्लेटफार्म से संबंधित आवश्यक सावधानी बरतने, साइबर अपराध से बचने के संबंध में जागरूक किया गया। महिला हेल्पडेस्क, हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। स्वावलंबन ,आत्मनिर्भरता के संबंध में जागरूक किया गया। मिशन शक्ति अभियान के तहत संचालित एण्टीरोमियों टीम द्वारा उपस्थित बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया गया तथा उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया। महिलाओं/बालिकाओ को यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे डायल 112, वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्प लाइन 1076 के बारे में जानकारी दी गयी।

इसी क्रम मे जनपद के समस्त थानों में गठित एण्टीरोमियों टीम द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर महिलाओं/बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करते हुये विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों व थानों में स्थापित महिला हेल्पडस्क की जानकारी दी गयी।



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 23.07.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में आगामी त्यौहार,श्रावण मास व कांवड यात्रा के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस बल द्वारा पैदल गस्त कर आम-जनमानस को दिलाया गया सुरक्षा का भरोसा।




आज दिनांक **23.07.2022** को पुलिस अधीक्षक महोबा सुधा सिंह के निर्देशन में आगामी त्यौहार,श्रावण मास व कांवड यात्रा के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस बल द्वारा संवेदनशील स्थानों एंव सार्वजनिक स्थानों पर पैदल गस्त कर अवैध अतिक्रमण को हटाने के संबंध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये तथा अफवाहों पर ध्यान न देने हेतु की गयी अपील । स्थानीय लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें,अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गयी तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल में तथा सभी थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन ढाबा आदि जगहों पर पैदल गस्त करते हुए यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए वाहनों के चालान व सीज करने की कार्यवाही की गई।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

यातायात नियमों के उल्लंघन पर **77** ई-चालान किये गये।






